भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
14.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1188 का उत्तर

रेलवे का अधिक किराया

1188. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कुछ क्षेत्रों में रेलवे का किराया विमान किराए से अधिक है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का रेल किराए को युक्तिसंगत बनाने का कोई विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रेलवे को राजस्व में घाटा हुआ है क्योंकि यात्री रेलवे का अधिक किराया चुकाने के बजाय विमान सेवा को वरीयता दे रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में रेलवे द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

s.k

रेलवे का अधिक किराया के संबंध में 14.12.2022 को लोक सभा में श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी के अतारांकित प्रश्न सं. 1188 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): रेलवे और एयरलाइन परिवहन के अलग-अलग साधन हैं, जिनकी मात्रा, संपर्कता और सुविधा के संदर्भ में तुलना नहीं की जा सकती है। एयरलाइनों में किराए की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है जबकि रेलवे ने पूरे वर्ष के लिए अधिकतम किराया निर्धारित किया हुआ है। एयरलाइनों का किराया परिचालन के समय, ठहराव, यात्रा की अवधि, आरंभिक स्थान-गंतव्य स्थान की जोड़ी, विमान कंपनी आदि के आधार पर काफी घटता-बढ़ता रहता है। रेलवे का किराया यात्रा की श्रेणी के साथ-साथ व्यस्त/गैर-व्यस्त अवधि जैसे कारकों के आधार पर हवाई किराए से अधिक हो सकता है या नहीं भी हो सकता है। यह यात्रियों की पसंद है कि वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार रेल मार्ग या हवाई मार्ग का विकल्प चुनें।

भारतीय रेल में राजधानी, शताब्दी, दूरांतो जैसी उच्च किरायों वाली रेलगाड़ियों, जिनमें फ्लेक्सी फेयर लागू है, के अधिकांश मार्गों में कम किराए वाली वैकल्पिक रेलगाड़ी सेवाएं पहले से उपलब्ध हैं। इसलिए, यात्री विभिन्न खंडों में वैकल्पिक रेलगाड़ी सेवाओं का चयन कर सकते हैं।

कोविड-पूर्व अवधि के दौरान, राजधानी, शताब्दी, दूरांतो गाड़ियों, जिसमें फ्लेक्सी फेयर लागू है, उन गाड़ियों में गैर-फ्लेक्सी अवधि की तुलना में यात्रियों की संख्या के साथ-साथ आमदनी में वृद्धि हुई है।

****

s.k